epaper
हिन्दुस्तान

International Maritime Academy
APPLY NOW
10+2(45% PCM)Can Join
B.Tech Marine Engineering
B.Sc (3 years) / Diploma Nautical Science (1 year)
B.Tech Naval Architecture
GP Rating (10th Pass)

बिटक्वाइन जैसी मुद्रा भारत में गैरकानूनी

सावधान

नई दिल्ली | पीयूष पांडेय

केंद्र सरकार ने देश में चल रही गैर अधिकृत बिटक्वाइन जैसी वर्चुअल करेंसी (वीसी) को गैरकानूनी ठहराया है। इस गोरखधंधे पर भारत में अंकुश लगाने के लिए सरकार विभिन्न स्तरों पर कदम भी उठाने जा रही है जिसमें रिजर्व बैंक (आरबीआई), सेबी समेत विभिन्न एजेंसियां मिलकर काम करेंगी।

वित्त मंत्रालय ने संसद की स्थाई समिति के समक्ष कहा है कि बिटक्वाइन देश में गैरकानूनी है। इसकी पुष्टि मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव शक्तिकांत दास ने की है। समिति के समक्ष मंत्रालय, आरबीआई और सेबी ने अपना पक्ष रखा है। बिटक्वाइन जैसी गैर-अधिकृत वीसी को देश के किसी भी हिस्से में केंद्रीय बैंक द्वारा लाइसेंस नहीं दिया गया है।

गठित होगी समिति : मंत्रालय आरबीआई के नेतृत्व में एक समिति का गठन करने जा रहा है। इसमें प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग समेत अन्य विभाग शामिल होंगे जो बिटक्वाइन जैसी गैर-अधिकृत वीसी के प्रयोग पर लगाम कसेगी। समिति पता लगाएगी कि कितने लोगों द्वारा कितना निवेश डिजिटल माध्यम से चल रहे इस गोरखधंधे में किया गया है। इस संबंध में स्पष्ट नियम और निर्देश जारी करने पर यह समिति काम करेगी। सरकार इसका प्रयोग करने वालों पर आर्थिक दंड लगाने का नियम ला सकती है। मंत्रालय के मुताबिक देश में सही और साफ डिजिटल मुद्रा को चलाने के लिए सरकार धन-आधार-मोबाइल को महत्वपूर्ण माध्यमों को प्रयोग में ला रही है, ताकि कालेधन पर अंकुश लगाया जा सके।

आतंकवाद को मदद का शक

इससे जुड़ी कई रिपोर्ट आ चुकी हैं। इसमें इन्हें अवैध और गैरकानूनी गतिविधियों में प्रयोग में लाने का हवाला दिया गया है। दुनिया भर में तस्कर, आतंकी और एक देश से दूसरे देश में टैक्स बचाने वाले इसका इस्तेमाल कर रहे हैं।

प्रयोग से दूर रहें

किसी भी योजना के तहत इन्हें चलाना, लेन-देन, व्यापार में प्रयोग में लाने पर होने वाले नुकसान का जोखिम प्रयोग करने वाले पर होगा। उपभोक्ता संरक्षण और सुरक्षा की चुनौतियों के मद्देनजर सरकार इसके प्रयोग से दूर रहने की हिदायत पहले ही दे चुकी है।

60 हजार रुपये है एक बिटक्वाइन की कीमत भारत में

1.22 खरब रुपये की वर्चुअल करेंसी है दुनियाभर में

210 देशों में अवैध रूप से चल रहीं वर्चुअल करेंसी

क्या है गैर-अधिकृत वर्चुअल करेंसी

इंटरनेट के जरिए महज एक एप या वेबसाइट पर चल रहे क्राइप्टो मनी यानी गुप्त धन को बिटक्वाइन, एथेरियम, रिप्पल, लाइटक्वाइन और एनईएम समेत सैकड़ों नाम और प्लेटफॉर्म हैं। वित्तीय खुफिया यूनिट के एक अधिकारी के मुताबिक भारत में इनका प्रयोग फर्जी पहचान-पत्र के जरिए साइबर कैफे या ऐसे स्थानों से किया जा रहा है। कई कंपनियां, जो इनमें लोगों को इसे खरीदने को उकसा रही हैं, वह दूसरे देशों में पंजीकृत हैं।

From around the Web

Sponsored by Revcontent

6 Kg Will Drop Per Week If You Drink This Before Going To

Hyderabad Girl Gets 4 Shades Fairer in Just 2 Min by Using This 1

Hyderabad Boy Loses 35kgs in 15 Days with This 1 Weird

अधिक वजन को "न" कहें! 7 दिनों में 15 किलो घटाएँ!